NCERT SOLUTIONS

CLASS - 8TH

aglasem.com

Class : 8th
Subject : Hindi
Chapter : 10
Chapter Name : बस की सैर

Q1 कहानी से
(क) शहर की ओर जाते हुए वल्ली ने बस की खिड़की से बाहर क्या-क्या देखा ?
"अब तो उसकी खिड़की से बाहर देखने की इच्छा भी खत्म हो गई थी।"
(ख) वापसी में वल्ली ने खिड़की के बाहर देखना बंद क्यों कर दिया ?
(ग) वल्ली ने बस के टिकट के लिए पैसों का प्रबंध कैसे किया ?

Answer.
(क) शहर की ओर जाते समय वल्ली ने नहर, उसके पार ताड़ के पेड़ , घास के मैदान , सुंदर पहाड़ियाँ , नीला आकाश और गहरी खाई देखी। उसने बस की खिड़की से दूर-दूर फैले खेत , हरियाली ही हरियाली देखी।
(ख) वापसी में वल्ली ने एक मरी हुई बछिया देखी जिससे वह बहुत उदास हो गयी। सारा समय उसका ध्यान उसी पर लगा रहा इसलिए उसने खिड़की के बाहर देखना बंद कर दिया।
(ग) वल्ली ने छोटी-छोटी रेजगारी इकट्ठी की। अपनी मीठी गोलियाँ, गुब्बारे, खिलौने लेने की इच्छा को दबाया, यहाँ तक कि पैसे इकट्ठे करने के लिए वह गोल घूमने वाले झूले पर भी नहीं बैठी।

Page : 72 , Block Name : कहानी से

Q2 क्या होता अगर
(क) वल्ली की मां जाग जाती और वल्ली को घर पर ना पाती?
(ख) वल्ली शहर देखने के लिए बस से उतर जाती और बस वापिस चली जाती?

Answer.
(क) तो वल्ली को बहुत डाँट सुनना पड़ता, वह अभी बच्ची है, उसका खो जाना बहुत लाज़मी है कोई भी उसे बहला-फुसला सकता है। माँ बहुत गुस्सा होती और साथ मे परेशान भी।
(ख) वल्ली की बस अगर छूट जाती तो उसके लिए परेशानी बढ़ जाती , फिर उसे दूसरी बस पकड़नी पडती जिसके कारण घर पहुँचने में उसे देर हो जाती और सबको पता चल जाता कि वो बिना बताए गए थी और फिर उसे बहुत डाँट सुनना पड़ता, हो सकता है कि पिटाई भी होती।

Page : 72 , Block Name : अभ्यास

Q3 छिप - छिपकर
"ऐसी छोटी बच्ची का अकेले सफर करना ठीक नहीं|"
(क) क्या तुम इस बात से सहमत हो? अपने उत्तर का कारण भी बताओ।
(ख) वल्ली ने यह दोनों यात्रा घर से छिपकर की थी तुम्हारे हिसाब से उसने ठीक किया या गलत और क्यों?
(ग) क्या तुमने भी कभी कोई काम इस तरह छिपकर किया है? उसके बारे में बताओ।

Answer.

(क) जी हाँ, मैं इस बात से सहमत हूं। किसी छोटी सी बच्ची का अकेले सफर करना अच्छा नही है। दुनिया मे बहुत तरह के लोग है जिससे उसको नुकसान हो सकता है। वह खो सकती है। कोई भी बहला - फुसलाकर के ले जा सकता है।
(ख) मेरे हिसाब से उसे बता कर करना चाहिए था। हो सकता है उसके परिवार में कोई इससे बात के लिए राजी नही होता, फिर भी उसे कोशिश करनी चाहिये थी कि घर वालों को मना ले। इससे उसके घरवालों को भी परेशान नही होना पड़ता और खुद भी आश्वस्त होकर सफर का आनंद ले सकती थी।
(ग) मैंने कई बार मिठाई छुप छुपाकर खाया है और अक्सर मैं पकड़ लिया जाता था, क्योंकि मुझसे छोटा और कोई नही था घर मे, और सबको पता था कि मैं मिठाई के मामले में बहुत लालची हूँ।

Page : 72 , Block Name : छिप - छिपकर

Q4 मना करना
“मैंने कह दिया न नहीं....।” उसने दृढ़ता से कहा।
वल्ली ने कंडक्टर से खाने-पीने का सामान लेने से साफ मना कर दिया।
(क) ऐसी कौन सी बातें हो सकती है जिसके लिए बड़ों को दृढ़ता से मना कर देना चाहिए।
(ख) क्या तुमने कभी किसी को किसी चीज के लिए मना किया है? उसके बारे में बताओ।

Answer.
(क) जितनी भी बुरी आदतें है उन सबके के लिए बड़ों को साफ मना कर देना चाहिए। जैसे सिगरेट पीना, शराब पीना, नशीले पदार्थों का सेवन करना आदि।
(ख) मैंने अक्सर अपने दोस्तों को बिना घर मे बताये बाहर जाने के लिए मना किया है। एक बार जब मेरा दोस्त चिंटू मुझे घर मे बिना बताए आइसक्रीम खिलाने बाहर ले जाना चाहता था तब मैंने उसे समझाया था कि यह करना गलत है, फिर हमने आंटी से पूछकर आइसक्रीम खाया।बहुत मज़ा आया।

Page : 72 , Block Name : मना करना

Q5 घमंडी
वल्ली को या उसके साथी को किसी को भी घमंडी शब्द का अर्थ ही मालूम नही था
(क) तुम्हारे विचार में घमंडी का क्या अर्थ होता है?
(ख) क्या तुम किसी घमंडी को जानते हो वह तुम्हें क्यों घमंडी लगता/लगती है?
(ग) वल्ली घमंडी शब्द का अर्थ जाने के लिए क्या क्या कर सकती थी? उसके लिए कुछ उपाय सुझाव।

Answer.
(क) मेरे विचार में घमंडी का अर्थ होता है ऐसा आदमी जिसके अंदर अहंकार हो बहुत किसी चीज़, ओहदे या पावर को लेकर। जब कोई अपने आप को दूसरे के सामने श्रेष्ठ दिखाने की कोशिश करता है तो असल मे वो घमंडी हो जाता है। जब वह अपने आप को ही बड़ा समझता हो , खुद की ही बात मनवाता हो।
(ख) मेरे क्लास टीचर बहुत घमंडी है वो अक्सर अपनी ही बात कहते हैं। जब भी कोई उनसे सवाल करता है वह डाँट कर चुप करा देते हैं और अपनी बात साबित कर देते हैं। वो अक्सर ऐसे ही करते हैं।
(ग) वल्ली घमंडी शब्द का अर्थ जानने के लिये डिक्शनरी का इस्तेमाल कर सकती थी। गूगल पर उसका अर्थ ढूंढ सकती है। किसी बड़े से इसके बारे में जान सकती थी।

Page : 72 , Block Name : घमंडी

Q6 बचत

वल्ली ने एक खास काम के लिए पैसों की बचत की। बहुत से लोग अलग-अलग कारणों से रुपए-पैसे की बचत करते हैं। बचत करने के तरीके भी अलग-अलग हैं।

(क) किसी डाकघर या बैंक जाकर पता करो कि किन-किन तरीकों से बचत की जा सकती है?

(ख) घर पर ही बचत करने के कौन-कौन से तरीके हो सकते हैं?

(ग) तुम्हारे घर के बड़े लोग बचत किन तरीकों से करते हैं? पता करो।

Answer.

(क) बैंक या डाकघर में, बचत खाते में पैसे जमा करके पैसों की बचत की जा सकती है।

(ख) घर पर गुल्लक में पैसे डालकर, अलग पर्स में जमा करके पैसें जमा हो सकते हैं।

(ग) बैंक में जमा करके, फिक्स डिपोजिट से घर के बड़े लोग बचत करते हैं।

Page : 72 , Block Name : बचत